सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

कोल इण्डिया Coal India

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

G20 भारत 2023 INDIA
वसुधैव कुटुम्बकम्
ONE EARTH • ONE FAMILY • ONE FUTURE

# अपनी बात

अंक : 591 वर्ष 44 राँची, अप्रैल, 2023







# सीसीएल ने अब तक का सर्वाधिक उत्पादन कर बनाया रिकॉर्ड

## कोयला उत्पादन, प्रेषण, ओबी रिमुवल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन




प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित सीएमडी श्री पीएम प्रसाद साथ में निदे. (तक./संचा.) श्री आर. बी प्रसाद, निदे. (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईंराम, निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदे. (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड ने वित्तीय वर्ष 2022–23 में अपना अभूतपूर्व प्रदर्शन जारी रखते हुए पिछले वर्ष की तुलना में 11% की वृद्धि हासिल कर आज तक का सर्वाधिक 76.09 मिलियन टन (एमटी) कोयला उत्पादन कर इतिहास रचा है। इस स्वर्णीम प्रदर्शन में सीसीएल के आम्रपाली परियोजना 18 एमटी, मगध परियोजना 15.6 एमटी सहित सभी क्षेत्रों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सीसीएल ने कोयला प्रेषण में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पिछले सारे कीर्तिमान तोड़ते हुए 75.03 एमटी कोयला प्रेषण किया जो पिछले रिकार्ड से 4.5% अधिक है। साथ ही साथ ओबी रिमुवल में भी 107 मिलियन क्यूबिक मीटर ओवर बर्डेन की निकासी कर अपने उच्चतम स्तर पर पहुँचा दिया है।

दिनांक 01 अप्रैल को आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मीडिया बन्धुओं को संबोधित करते हुये सीएमडी श्री पीएम प्रसाद ने कहा कि माननीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी के मार्गदर्शन, कोयला सचिव श्री अमृत लाल मीणा तथा अध्यक्ष सीआईएल श्री प्रमोद अग्रवाल के नेतृत्व में सीसीएल ने अपने उत्पादन लक्ष्य, 76 मिलियन टन (एमटी) को पार करते हुए 76.09 एमटी हासिल किया। उन्होंने सहयोग के लिए राज्य सरकार और जिला प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया। साथ ही कंपनी की सफलता में ट्रेड यूनियन प्रतिनिधियों, जन प्रतिनिधियों, हितधारकों एवं प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुडे सभी लोगों के योगदान की प्रशंसा की। उन्होंने सीसीएल की पूरी टीम को आज तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान सीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद के साथ–साथ निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), श्री बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार उपस्थित थे।

पिछले वित्तीय वर्ष में सीसीएल ने भूमि अधिग्रहण के क्रम में 161 लाभार्थियों को स्थायी रोजगार मूहैया कराया है। इसी तरह सीसीएल ने कार्बन उत्सर्जन कम करने के दिशा में कार्य करते हुये पिपरवार क्षेत्र में लगभग 143 करोड़ के लागत से 20 मेगावाट सौर ऊर्जा प्लांट स्थापना करने जा रहा है। कमांड क्षेत्रों में पिछले वर्ष 178.85 हेक्टेयर क्षेत्र में 3 लाख 75 हजार से अधिक पौधारोपण किया गया है।

विगत वित्तीय वर्ष सीसीएल के लिए अविस्मरणीय साल रहा है। इस साल कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वाधान में सीसीएल द्वारा ऐतिहासिक कोल इंडिया मैराथन का आयोजन किया गया जिसमें देशभर के लगभग 6000 धावकों ने हिस्सा लेकर इस मैराथन को सफल बनाया। सीसीएल द्वारा समाज के कल्याण और समग्र विकास के लिए अनेक योजनाएँ संचालित किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीसीएल द्वारा लग. भग 65 करोड़ की लागत से राँची विश्वविद्यालय परिसर में पाँच हजार सिटों वाली एक सेन्ट्रल लाईब्रेरी का निर्माण जल्द ही किया जायेगा।

# धूम–धाम से मनाया गया सरहुल मिलन समारोह




दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का उद्घाटन करते सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद

मुख्यालय राँची के "कन्वेंशन सेंटर" में दिनांक 03 अप्रैल को सरहुल मिलन समारोह का भव्य आयोजन मुख्यालय सरना समिति द्वारा किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। इसके पश्चात सरना आदी प्रार्थना प्रस्तुत की गयी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र, राँची विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर, डॉ. किशोर सूरी  उपस्थित थे।

अपने संबोधन में मुख्य अतिथि सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद ने प्रकृति को समर्पित सरहुल पर्व की बधाईयाँ देते हुए कहा कि प्रकृति और जंगल झारखण्ड की पहचान है। सीसीएल भी बेहतर पर्यावरण संरक्षण के लिए सतत कार्य कर रहा है इसी कड़ी में और 9 इको पार्क को विकसित किया जायेगा।

निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने प्राकृतिक पर्व सरहुल की बधाई देते हुये कहा कि सरहुल हमें पर्यावरण को संरक्षित करने का संदेश देता है और इसके संदेशो को आत्मसात करना चाहिए।

राँची विश्वविद्यालय के सहायक प्रोफेसर, डॉ. किशोर सूरी ने सरहुल पर्व की महता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि सरहुल प्राकृतिक पर्व है और आज आदिवासी समाज ही नहीं राज्य के प्रत्येक निवासी हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाते हैं।




समारोह को संबोधित करते सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद

अवसर विशेष पर नागपुरी गीत के प्रसिद्ध गायक श्री इग्नेश कुमार तथा कुमार प्रितम ने लोक गीत की प्रस्तुती देकर उपस्थित सभी का मन मोह लिया। सुमन गुप्ता ने अपने मधुर वाणी में प्रसिद्ध गीतों को दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत किया।

इस विशेष अवसर पर मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

# पीएसयू सप्ताह के अन्तर्गत क्वीज प्रतियोगिता आयोजित

## छोटे–छोटे कदम से ही बड़ी सफलता की नींव रखी जाती है – निदेशक (कार्मिक)



विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत करते निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

पीएसयू सप्ताह (10–16, अप्रैल, 2023) के अंतर्गत मुख्यालय, राँची में दिनांक 12 अप्रैल को क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कुल 15 टीमों ने भाग लिया जिसमें मुख्यालय सहित सीसीएल के सभी क्षेत्र के प्रतिभागी शामिल थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र सहित महाप्रबंधक (एचआरडी), श्री पार्थो भट्टाचार्यजी एवं विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं अन्य उपस्थित थे।

दो चरणों में आयोजित यह प्रतियोगिता सार्वजनिक क्षेत्र से संबंधित ज्ञान पर आधारित था, जिसमें संयुक्त रूप से प्रथम एनके एवं बरका सयाल, द्वितीय कथारा एवं ढोरी, तृतीय स्थान मुख्यालय एवं अरगडा क्षेत्र को घोषित किया गया।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने सभी विजेता प्रतिभागीयों को पुरस्कृत किया। उन्होंने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुये कहा कि स्वंय को सर्वश्रेष्ठ बनाने के लिए प्रेरित करते रहिये। इसी प्रकार छोटे–छोटे कदम से ही बड़ी सफलता की नींव रखी जाती है।

# नेशनल कोल लॉजिस्टिक प्लान से संबंधित कार्यक्रम आयोजित




कार्यक्रम को संबोधित करते निदेशक (तक./संचा), सीसीएल श्री आर. बी. प्रसाद

मुख्यालय रांची के "कन्वेंशन सेंटर" में दिनांक 06 अप्रैल को स्टेकहोल्डर्स कॉन्सलटेंशन ऑन कोल नेशनल लॉजिस्टिक प्लान (Stake-holders Consultation on National Coal Logistic Plan) पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, श्री हिटलर सिंह, वरीय सलाहकार, कोल इंडिया, श्री सलील झा, निदेशक तकनीकी (संचालन), सीसीएल, श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त), सीसीएल, श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी (सीआरडी), सीएमपीडीआई, श्री एस.के. गोमास्ता, निदेशक (तकनीकी/अभियंत्रण), सीएमपीडीआई, श्री शंकर नागचारी सीएमपीडीआई, सीवीओ, सीसीएल, श्री पंकज कुमार, महाप्रबंधक (पीएमडी), कोल इंडिया, श्री ए.के. रॉय, रेलवे से वरीय अधिकारी, श्री सतेन्द्र सिंह, श्री अजय तिवारी, टाटा स्टील के वरीय अधिकारी श्री एम.के. शर्मा सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

वरीय सलाहकार, कोल इंडिया, श्री सलील झा ने कहा कि देश में ग्रामीण विद्युतीकरण और कोरोना काल के पश्चात बिजली की मांग में वृद्धि हुई है, अभी भी देश में प्रति व्यक्ति बिजली उपभोग वैश्विक औसत से एक तिहाई है, जैसे जैसे नागरिकों की क्रय शक्ति बढ़ेगी बिजली का उपभोग और अधिक होगा। इस परिदृश्य में वर्ष 2030 तक सिर्फ विद्युत क्षेत्र को 1000 मिलियन टन से अधिक कोयले की आवश्यकता होगी इसलिए राष्ट्रीय कोयला लॉजिस्टिक नीति की अहम भूमिका होगी।

निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री राम बाबू प्रसाद ने सभी का स्वागत करते हुये कहा कि वित्तीय वर्ष 22-23 में कोल इंडिया ने रिकार्ड 700 मिलियन टन से अधिक कोयले का उत्पादन किया है जो वित्तीय वर्ष 2030 तक 1.5 बिलियन टन अनुमानित है। कोयले का उत्पादन के साथ-साथ कोयले की प्रेषण पर और कार्य करना होगा जिससे पावर प्लांटों एवं उपभोक्ताओं को समय पर कोयला की आपूर्ति निर्बाध रूप से किया जा सके। उन्होंने बताया कि सीसीएल सहित कोल इंडिया का दायित्व और बढ़ जाता है क्योंकि देश की कुल बिजली उत्पादन का 70 प्रतिशत कोयले पर निर्भर है।



कार्यक्रम में उपस्थित प्रतिभागी एवं गणमान्य

अवसर विशेष पर डेलॉयट ग्रुप ने नेशनल कोल लॉजिस्टिक प्लान से संबंधित अध्ययन को पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से उपस्थित सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। अध्ययन में कोयले की मांग और आपूर्ति संबंधित बिन्दुओं को रेखांकित किया गया।

कार्यक्रम में कोल इंडिया सहित सीसीएल, एनसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल, टाटा स्टील, हिन्डालको, आरआईटीईएस (RITES), आईआरसीओएन (IRCON), जेसीआरएल, एनएमडीसी टीवीएनएल, एनटीपीसी, जेएसडब्लू स्टील एवं अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधिगण भाग लिये।

# स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

जन आरोग्य केन्द्र की ओर से दिनांक 17 अप्रैल को राँची के गागी बस्ती पंचायत भवन में निःशुल्क रेसपिरेटरी सहित अन्य बिमारियों संबंधित जाँच शिविर का आयोजन किया गया। विशेषज्ञों द्वारा 181 लोगों की हीमोग्लोबीन, ब्लड शुगर, हाईपरटेनसन, सांस की तकलीफ इत्यादि का निःशुल्क जाँच किया गया तथा चिकित्सीय सलाह दी गई।

शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस डॉ. सुमन सिंह, डॉ. अरूणा हेंब्रोम, डॉ. अनिता होरो, डॉ. रजनी कुजूर, डॉ. प्रियंका झा, डॉ. दिव्या, डॉ. विशाल सावले, डॉ. के. पी. निराला, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित, हरमन खलको एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



स्वास्थ्य जाँच शिविर का एक दृश्य

# निःशुल्क रक्तचाप एवं मधुमेह स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन

दिनांक 06 अप्रैल को राँची के पिस्का नगरी स्थित आदर्श वृद्धाश्रम में जन आरोग्य केन्द्र, सीसीएल द्वारा निःशुल्क रक्तचाप एवं मधुमेह स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञों द्वारा 48 वृद्धों की जाँच की गई एवं चिकीत्सीय परामर्श दिया गया। शिविर में विशेषकर हिमोग्लोबिन, ब्लड सुगर, हाईपरटेंशन का निःशुल्क जाँच की गयी।

शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस, डॉ. सुमन सिंह, सीएमओ इंचार्ज (सीएसआर), सीएमएस, डॉ. रत्नेश जैन, मुख्य प्रबंधक (सीएसआर), श्री एस.एस. लाल, डॉ. अनिता होरो, डॉ. राजकुमार, डॉ. रजनी दीपा कुजूर, डॉ. मेजर शिल्पी, डॉ. दीपक सिंह, मुन्ना कुमार सिंह, कमलेश पंडित, मो. नाजिर, हरमन खलको एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का एक दृश्य

आदर्श वृद्धाश्रम के लोगों ने स्वास्थ्य शिविर पर प्रसन्नता जताते हुए सीसीएल को धन्यवाद दिया।

# निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन




निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का एक दृश्य

दिनांक 10 अप्रैल को राँची के एदलहातु, न्यू एरिया, मोराबादी, राँची में जन आरोग्य केन्द्र, सीसीएल द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 130 लोगों की साँस (रेस्पीरेटरी) से संबंधित बीमारी के साथ हिमोग्लोबिन, ब्लड सुगर आदि की भी निःशुल्क जाँच की गयी।

शिविर के सफल आयोजन में सीएमएस, डॉ. सुमन सिंह, सीएमओ इंचार्ज (सीएसआर), डॉ. अनिता होरो, डॉ. नरेश कोलीपका, डॉ अंकुर, कमलेश पंडित, मुन्ना कुमार सिंह एवं अन्य का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

लोगों ने इस स्वास्थ्य शिविर पर अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त किया और इस आयोजन के लिए सीसीएल को धन्यवाद दिया।

# कोविड के खतरों से निपटने के लिए मॉक ड्रिल

भारत सरकार के निर्देशानुसार दिनांक 10 अप्रैल को केन्द्रीय अस्पताल, गाँधीनगर में कोविड की तैयारी को परखने के उद्देश्य से अस्पताल प्रबंधन द्वारा एक मॉक ड्रिल किया गया। इसके तहत कोविड की तैयारी के लिए बेड, ऑक्सिजन और कोविड टेस्ट की सुविधा की तैयारी का जायजा लिया गया।

इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन ने कहा कि केन्द्रीय अस्पताल गाँधीनगर कोविड को हराने के लिए हमेशा से तैयार था, तैयार है और तैयार रहेगा।

ज्ञातव्य हो कि पिछले कोरोना महामारी के संकटपूर्ण काल में भी टीम सीसीएल ने ऐतिहासिक भूमिका निभायी थी।




मॉक ड्रिल का एक दृश्य

# संविधान निर्माता डॉ. अंबेडकर की 132वीं जयंती मनाई गई

दिनांक 14 अप्रैल को सीसीएल के आंबेडकर पार्क के साथ–साथ सभी क्षेत्रों में भारतीय संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की 132वीं जयंती मनायी गयी। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (तक./संचा) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ श्री पंकज कुमार, महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षण, कर्मियों, विभिन्न श्रमिक संघ के प्रतिनिधियों, सिस्टा के महासचिव, एससी/एसटी/ओबीसी काउंसिल के महासचिव एवं अन्य ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं उनके योगदान को याद किया।



अम्बेडकर पार्क में उपस्थित निदे. (तक./संचा) श्री आर.बी. प्रसाद, निदे. (वित्त) श्री पी.के. मिश्रा, सीवीओ श्री प्रकज कुमार एवं अन्य

निदेशक तकनीकी रामबाबू प्रसाद ने डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के योगदान को याद करते हुए कहा कि बाबा साहब ने संविधान निर्माण के द्वारा मजबूत लोकतंत्र की नींव रखी। विषम परिस्थितियों से जूझते हुए भी उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अद्वितीय स्थान बनाया। निदेशक वित्त श्री पवन कुमार मिश्रा ने बाबा साहब के व्यक्तित्व को अनुकरणीय बताते हुए कहा कि बाबा साहब ने महिलाओं, शोषितों तथा वंचितों के उत्थान के लिए एक समतामूलक समाज की नींव रखी। सीवीओ श्री पंकज कुमार ने कहा कि बाबा साहब ने अपने प्रेरक व्यक्तित्व से साबित करके दिखाया कि शिक्षा से बड़ा कोई साधन नहीं है। उन्होंने स्वस्थ लोकतंत्र के लिए शिक्षा, संगठन और लोकतांत्रिक संघर्ष का मंत्र दिया है।

महाप्रबंधक (पी/आई आर) श्री रश्मि दयाल ने कार्यक्रम का संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन श्री हरिश कुमार ने किया। कार्यक्रम में संतोष कुमार, अनिल साहनी, शंकर पासवान, एवं अन्य कर्मी भी उपस्थित थे।

# मुख्यालय में दावत–ए–इफ्तार का आयोजन




दावत–ए–इफ्तार के अवसर पर मंचासीन सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद, निदे. तक. (यो./परि.) श्री बी. साईंराम एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड मुख्यालय, दरभंगा हाउस, राँची के "विचार मंच" में दिनांक 19 अप्रैल को दावत–ए–इफ्तार आयोजित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद सहित निदेशक तक. (यो./परि.), श्री बी. साईराम, सीवीओ, श्री पंकज कुमार एवं बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भाग लेकर और आपसी भाई–चारा एवं साम्प्रदायिक सौहार्द का परिचय दिया।

मुख्य अतिथि श्री पी.एम. प्रसाद ने अवसर विशेष पर उपस्थित सभी को ईद की अग्रिम बधाई और मुबारकबाद देते हुए कहा कि सीसीएल में हमेशा भाईचारा का महौल रहा है और रहेगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से समाज में आपसी सौहार्द बनाए रखने का संदेश जन जन तक पहुंचता है।

निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), श्री बी. साईराम ने कहा कि भारत विविधता में एकता का देश है और साम्प्रदायिक सौहार्द और एकता ही भारत को एकसूत्र में पिरोता है।

सीवीओ, श्री पंकज कुमार ने ईद की अग्रिम बधाई देते हुये कहा कि रमजान का पवित्र महीना हम सभी को सदभावना का संदेश देता है और सीखाता है कि मानवता सबसे बड़ा धर्म है।

मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित मौलाना मिस्बाहुद्दीन साहब ने कहा कि वर्षों से हम सभी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मिलकर रहते आये हैं और इसलिए हिन्दुस्तान से बेहतर कोई और मुल्क नहीं है।

मंच संचालन मुख्य प्रबंधक (कार्मिक), श्री शाहीद जमाल ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में महाप्रबंधक (वाशरी), श्री मिराज अहमद, मुख्य प्रबंधक (इंटरनल ऑडिट), श्री गुलाम मोईन एवं अन्य का सराहनीय योगदान रहा।

# दो दिवसीय सीएसआर कॉन्फ्रेंस का आयोजन



सीएसआर कॉन्फ्रेंस का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, कोयला मंत्रालय, श्रीमती निरूपमा कोटरू, निदेशक (कार्मिक), कोल इण्डिया, श्री विनय रंजन, सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद एवं अन्य गणमान्य

कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में दूसरे वर्ष भी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड 25 एवं 26 अप्रैल को सीएसआर सम्मेलन की मेजबानी की। कोल इंडिया सीएसआर कान्फ्रेंस का उद्घाटन संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, कोयला मंत्रालय, श्रीमती निरूपमा कोटरू एवं निदेशक (कार्मिक), कोल इंडिया, श्री विनय रंजन ने किया। इस अवसर पर सचिव (कोयला), कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, श्री अमृत लाल मीना एवं कोल इंडिया अध्यक्ष, श्री प्रमोद अग्रवाल ने वर्चुअल माध्यम से प्रतिभागियों को संबोधित किया। इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में सीएमडी, सीसीएल, श्री पी.एम. प्रसाद, निदेशक तकनीकी (संचालन), सीसीएल, श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), सीसीएल, श्री बी. साईराम, निदेशक (कार्मिक), सीसीएल, श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त), सीसीएल, श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक), बीसीसीएल, श्री मुरली कृष्णा रमैया, निदेशक (कार्मिक), एमसीएल, श्री केशव राव, स्वतंत्र निदेशक, सीसीएल, श्री रमेश कुमार सोनी, ईडी, आईआईसीएम, डॉ कामाक्षी रमन एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। देश के विभिन्न हिस्सों से लगभग 200 प्रतिभागी सम्मेलन में भाग लिया। देशभर के ख्याति प्राप्त वक्ता अपने अनुभव को साझा करने के साथ–साथ कॉन्फ्रेंस के विषय 'री इंजीनियरिंग सीएसआर' पर विचार मंथन किया।

श्री अमृत लाल मीना ने कोल इंडिया एवं इसके अनुषंगी कंपनी के सीएसआर गतिविधियों के बारे में चर्चा करते हुये कहा कि हमारा उद्देश्य इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना है। अध्यक्ष, श्री प्रमोद अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि सीएसआर एक ऐसा माध्यम है जिससे कंपनी की सामाजिक स्वीकृति बनती है जिससे कंपनी को अपने कार्यक्षेत्र में हितधारकों का सहयोग मिलता है।

निदेशक (कार्मिक), सीआईएल, श्री विनय रंजन ने सर्वप्रथम आयोजकगण को बधाई देते हुये कहा कि कोल इंडिया एवं इसके अनुषंगी कंपनी अपने हितधारको के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा से प्रतिबद्ध है। सीएसआर योजनाओं के माध्यम से कंपनी अपने कमांड क्षेत्रों के समावेशी विकास और सामाजिक उत्थान के लिए अनेक योजनाओं का संचालन करती है।

सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद ने अपने संबोधन में सभी का स्वागत करते हुये कहा कि सीसीएल सीएसआर योजनाओं के माध्यम से समग्र विकास की प्रतिबद्धता को पूरा कर रहा है।

अतिथि वक्ता के रूप में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार विजेता प्रख्यात पर्यावरणविद् श्री सोनम वांग्चू ने अपने निजी अनुभवों को सभी के समक्ष साझा करते हुये कहा कि विकसित देशों के मॉडल का अनुसरण करने के बजाय अपने परिस्थिति के अनुरूप विकास के मॉडल निर्माण की आवश्यकता है।

इस अवसर पर परिचर्चा का भी आयोजन किया गया जिसमें पहले सत्र में कंपनी के सकारात्मक छवि निर्माण में सीएसआर की भूमिका पर चर्चा किया गया। प्रथम सत्र में डॉ. भास्कर चटर्जी, डॉ. सतीश अग्निहोत्री, श्री विनय रंजन, श्रीमती निरूपमा कोटरू, श्री प्रत्युष पांडा, श्री केशव राव मुख्य रूप से भाग लिया।

परिचर्चा के दूसरे सत्र में श्री हर्ष नाथ मिश्र, श्री मुरली कृष्णा रमैया, श्रीमती गीतांजली जेबी, डॉ. पारूल ऋषि, श्री भारत कांकड़े ने "कॉलाबरेशन फॉर इम्पैक्ट : हाउ कैन कंपनिज कोलाबरेट विथ अदर ऑर्गनाईजेशन टू मैक्सिमाईज द इम्पैक्ट ऑफ देयर सीएसआर इनिशियेटिव" पर चर्चा की।

सभी ने कोल इंडिया एवं इसके अनुषंगी कंपनियों के सीएसआर गतिविधियों के बारे में सराहना करते हुये कहा कि यह समाज के वास्तविक जरूरतमन्दों के लिए विकास और उत्कर्ष के अवसरों के लिए बेहतर कार्य कर रही है। पैनल चर्चा में सीएसआर के वर्तमान योजनाओं पर समीक्षा करते हुये भविष्य के सीएसआर योजनाओं के लिए भी सुझाव प्रस्तुत किये गये।

कोल इण्डिया एवं इसकी अनुषंगी कंपनियों ने प्रदर्शनी के माध्यम से अपने सीएसआर गतिविधियों को सबके समक्ष प्रस्तुत किया। श्रीमती निरूपमा कोटरू एवं श्री विनय रंजन विधिवत रूप से फीता काट कर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। सीसीएल द्वारा अपने स्टॉल के माध्यम से 'सीसीएल के लाल एवं सीसीएल की लाडली', आंगनबाडी केंद्रों के उन्नयन जैसी प्रमुख सीएसआर पहलों में अपने योगदान को प्रदर्शित किया गया।



फीता काट कर प्रदर्शनी का उद्घाटन करते संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, कोयला मंत्रालय, श्रीमती निरूपमा कोटरू, निदेशक (कार्मिक), कोल इण्डिया, श्री विनय रंजन




सीसीएल स्टॉल का निरीक्षण करते निदेशक (कार्मिक), सीसीएल श्री हर्ष नाथ मिश्र

सीसीएल एवं एमसीएल के स्टॉल को निर्णायक मंडल द्वारा बेस्ट स्टॉल श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया। दोनों विजेता प्रतिभागियों ने सुन्दर ढंग से अपने सीएसआर गतिविधियों को सभी के समक्ष रखा था। ईसीएल को द्वितीय पुरस्कार से नवाजा गया। बेस्ट प्रैक्टिसेश




प्रदर्शनी के दौरान सीसीएल स्टॉल के सामने उपस्थित श्रीमती निरूपमा कोटरू, श्री विनय रंजन, श्री पी.एम. प्रसाद, श्री हर्ष नाथ मिश्र, श्री सोनम वांग्चूक एवं अन्य गणमान्य

इनिशिएटिव में विभिन्न ग्रुप अपने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से अपने–अपने विषयों को प्रस्तुत किया।




प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करते सीसीएल की टीम

संयुक्त सचिव, श्रीमती निरूपमा कोटरू ने कहा कि सीएसआर के अंतर्गत कोई भी कार्य छोटा नहीं है आवश्यकता के अनुरूप कार्य करें और कंपनी को नयी पहचान दें एवं देशभर में कोल इंडिया एवं सभी अनुषंगी कंपनियां एक उदाहरण प्रस्तुत करें।

सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुये कहा कि कोल इंडिया एवं अनुषंगी कंपनियों में कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है और वहां के अनुभवों एवं बेस्ट प्रैक्टिसेश को सीएसआर गतिविधियों में अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सीसीएल ने विगत वित्तीय वर्ष में अपना उत्पादन लक्ष्य प्राप्त किया है और कंपनी अपने स्टेकहोल्डर्स को ध्यान में रखते हुये योजनाओं का कार्यान्वयन कर रही है।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से कोल इंडिया की विभिन्न सहायक कंपनियों में काम करने वाले प्रतिभागियों को एक साथ आने और विभिन्न विषयों पर विचार–विमर्श कर अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने के साथ–साथ एक–दूसरे से सीखने का भी मौका मिला। उन्होंने सीसीएल द्वारा चलाये जा रहे 'सीसीएल के लाल एवं लाडली' जैसे मुहिम आदि पर भी प्रकाश डाला। श्री मिश्र ने आगे कहा कि कंपनी सीएसआर गाईडलाइन के अनुसार सफलतापूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुये जरूरतमंद लोगों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा रही है।

# विश्व कार्यस्थल स्वास्थ्य व सुरक्षा दिवस आयोजित



मुख्यालय में विश्व कार्यस्थल स्वास्थ्य व सुरक्षा दिवस मनाते सीसीएल कर्मी

दिनांक 28 अप्रैल को मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में विश्व श्रम संगठन द्वारा कार्यस्थल पर स्वास्थ्य एवं सुरक्षा को समर्पित 'विश्व कार्यस्थल स्वास्थ्य व सुरक्षा दिवस (आईएलओ वर्ल्ड डे फॉर सेफ्टी एंड हेल्थ एट वर्क)' मनाया गया। मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सीसीएल के महाप्रबंधक (सेफ्टी), श्री एस.के. सिंह सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं कर्मियों ने सेफ्टी का शपथ लिया।

सीएमडी, श्री पी.एम. प्रसाद ने कहा कि कार्यस्थल पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना प्रत्येक कर्मी के लिए आवश्यक है। सीसीएल द्वारा समय–समय पर सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को लेकर अनेकों कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। सीसीएल उत्पादन के साथ–साथ सुरक्षा को सर्वोपरि मानता है।



# सीसीएल से 57 कर्मी सेवानिवृत्त हुए, ससम्मान भावभीनी विदाई दी गई




विदाई–सह–सम्मान समारोह का एक दृश्य

सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत 3 (तीन) कर्मियों : श्री दिलीप कुमार दिक्षीत, महाप्रबंधक (असैनिक), असैनिक विभाग, डॉ. मीता पॉल, सीएमएस, सीसीएल, चिकित्सा विभाग, श्री बिषणु कुमार, कैट–1 गुणवत्ता विभाग को आज सीसीएल परिवार की ओर से मुख्यालय में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। अप्रैल माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 57 कर्मी सेवानिवृत्त हुए जिन्हें आज ससम्मान भावभीनी विदाई दी गई।

इस अवसर पर सेवानिवृत कर्मियों द्वारा अपने–अपने कार्यानुभवों पर आधारित व्यक्त किए गए विचारों को एक शॉर्ट फिल्म बनाकर 'सम्मान समारोह' के दौरान प्रदर्शित किया गया। सेवानिवृत कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे कंपनी निरंतर नयी ऊँचाईयों को छू रही है और हम इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हैं।

मुख्यालय राँची में आयोजित सम्मान समारोह में सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने अपने संबोधन में सीसीएल परिवार की ओर से उपस्थित वरिष्ठतम सेवानिवृत कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया और कहा कि आप सभी का योगदान अपने–अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय रहा है। उन्होंन सेवानिवृत कर्मियों के सपरिवार सुखी, स्वस्थ्य जीवन की कामना की।

निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद ने कहा कि माह का यह अंतिम दिन हम सभी के लिए बहुत कष्टदायी लगता है जब कंपनी के अनुभवी एवं अमूल्य रत्न हमें छोड़कर सेवानिवृत हो जाते हैं। अपने संबोधन में सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों को शुभकामनाएँ देते हुये उनके सुखद भविष्य एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने अपने संबोधन में सभी सेवानिवृत हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएँ देते हुए उनके स्वस्थ्य जीवन की कामना किया।

निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री बी. साईराम ने कहा कि रिटायरमेंट के बाद आप सभी अपने आप को किसी अच्छे काम में व्यस्त रखें। उन्होंने ईश्वर से उनके अच्छे स्वास्थ्य की शुभेच्छा प्रकट की।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत कर्मियों के परिवारजन उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में विभागाध्यक्ष (कल्याण) श्रीमती रेखा पाण्डेय एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा।

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limit...** · 06 Apr

CCL organised a Stakeholder Consultation on National Coal Logistic Plan.

The program was attended by functional directors and the CVO of CCL along with representatives of the Coal Ministry, Railways, CIL and its subsidiaries, state government and private sectors.



**Central Coalfields Li...** · 28 Apr ·

On Friday, April 28, #TeamCCL celebrated "ILO-World Day for Safety and Health at Work" with enthusiasm.

Employees were administered a safety pledge, and our commitment to a secure and healthy workplace was reaffirmed.#safetyatwork



**Central Coalfields Limited** · 01 Apr

Target Achieved!!
FY-23 was marked with several historic highs for #TeamCCL and the achievement of annual target of 76 MT is our crowning glory. It is a pivotal milestone in our quest to fulfil the energy needs of the nation.
We Dreamt We Strived and We Achieved!
Congratulations!




**Central Coalfields Limit...** · 02 Apr

Records Galore as CCL recorded all time high coal production, dispatch and OBR during FY-23

Production witnessed an impressive 11% growth to surge to 76.09 MT while dispatch reached a historic high of 75.03 MT. OBR rose to a record high of 106.99McuM.

Congratulations!#TeamCCL





(आंतरिक वितरण हेतु सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित)

सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), मनीष कुमार तिवारी, एमटी, जनसम्पर्क विभाग